# "जज़्बा"

देश सेवा का

सत्यप्रकाश बच्चों को मुफ्त शिक्षा देते..

"जज़्बा-देश सेवा का " कार्यक्रम 2009 में शुरू किया गया जिसमे सिरहा पंचायत के कुछ जागरूक व् सचेतक समाजसेविओं एवं बुधिजीविओं को सम्मानित किया गया.शुरूआती दौर में इसे सिरहा को एक आदर्श गाँव बनाने को लेकर एक अभियान के तौर पर प्रारम्भ किया गया. 1 जनवरी 2009 को स्थानीय अनुमंडल पदाधिकारी श्री विजयनारायण यादव के हाथों से दीप प्रज्ज्वलन कर सिरहा गाँव में एक अलख जगाने की शुरुआत की गयी. गाँव के माहौल को सकारात्मक बनाने हेतु विद्यार्थियों के सहायतार्थ सत्यदर्शन पुस्तकालय खोला गया.मुफ्त में गाँव के बच्चों को पढाने की व्यवस्था की गयी और लगातार काम किया गया. 2009 के समय अभियान को आगे बढ़ाने में संदीप कुमार जयसवाल,आदित्य प्रकाश,मुकेश कुमार,रंजन कुमार,लोकेश कुमार आदि 10 वीं के छात्रों ने काफी योगदान दिया.इसकी परिकल्पना ख्वाब फाउंडेशन के संस्थापक श्री मुन्ना कुमार ने किया और आज तक लगातार गाँव को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे है.इस प्रयास से आज गाँव में पुस्तकालय,सिलाई प्रशिक्षण केंद्र,कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, विज्ञान केंद्र व् मुफ्त शिक्षा केंद्र का स्थापना हो पाया.आज गाँव में सुख,शांति के साथ शिक्षा का जबरदस्त माहौल बन गया है. इसका मकसद परिशुद्ध रूप से देशभक्ति की भावना को सम्मान के साथ आगे बढ़ाना है. यह कार्यक्रम समाज के अस्तित्व को बनाये रखने में अपनी एक अलग योगदान अदा कर रही हैं.

पहला कार्यक्रम :- सिरहा, 1 जनवरी-2009

दूसरा कार्यक्रम:- सिरहा ,1 जनवरी 2010

तीसरा कार्यक्रम :- पकडीदयाल, 16 जून 2011

चौथा कार्यक्रम:- टाउन हॉल,मोतिहारी, 16 जून 2012

पांचवा कार्यक्रम:-एम.जे.के.इंटर कॉलेज,मोतिहारी ,16 जून 2013

छठा कार्यक्रम:- टाउन हॉल,मोतिहारी , 16 जून 2014

# “जज़्बा”

देश सेवा का

विनोद सिंह मंच संचालन करते हुए

आदित्य व्  संदीप सांस्कृतिक कार्यक्रम कर

प्रो.पंकज जी संबोधित करते हुए

SDO विजयनारायण यादव एवं थानाध्यक्ष